the maintenace . and expansion of weather observation lines, tele-communications, AIR and TV expansion programme; and

(c) whether any alternate arrangements have been made by Government; if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT CPROF| M. G. K. MENON): (a) INSAT-lD launch wag originally-scheduled for June, 1989. It had to be postponed due to an accident at the launch site. The launch has been rescheduled for June, 1990.

(b) Yes, Sir.

(c) As a back-up to INSAT system space segment capacity, twelve C-band transponders have been leased from ARABSAT Organisation effective from October 1, 1989; for a period of two years. Also one C-band transponder has been leased ifrom rNTERSPUTNTK Organisation for a period of nine months effective from December 1, 1989.

राष्ट्रीय बाल बोर्ड

104. श्रीमती सत्या बहिन : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने एक राष्ट्रीय बाल बोर्ड की स्थापना की है; यदि हो, तो उक्त बोर्ड के सदस्यों के नाम क्या हैं ; और

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त बोर्ड की कुल कितनी बैठकें हुई हैं और इसकी अन्तिम बैठक कब हुई थी तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम० जी० के० मेनन) : (क) राष्ट्रीय बाल बोर्ड का गठन राष्ट्रीय बाल नीति के उपबन्धों के अनुसरण में 3 दिसम्बर, 1974 को किया गया था । बोर्ड का कई बार गठन किया गया है । पिछले बोर्ड का कार्यकाल 26 मई, 1989 को समाप्त हो गया था । बोर्ड का पुनर्गठन किया जा रहा है ।

(ख) पिछले 3 वर्षों में बोर्ड की दो बैठक हुई । बोर्ड की पिछली बैठक 25 अप्रैल, 1989 को हुई जिसमें बोर्ड ने अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित की समीक्षा की :—

(1) बाल श्रम संबंधी कानूनों और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन ।

(2) किशोर अपराध अधिनियम, 1986 का कार्यान्वयन ।

(3) आठवीं योजना (1990–95) के लिए बाल विकास और कल्याण पर कार्यदल की रिपोर्ट ।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के बोर्ड/समितियां

105. श्रीमती सत्या बहिन : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अधीन कितने बोर्ड/समितियां कार्य कर रही हैं और उनके सदस्यों के नाम क्या हैं ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इन बोर्डों/समितियों की कितनी बैठकें आयोजित की गई और वे कब-कब हुई ; और

(ग) केन्द्रीय विद्यालय संगठन की बैठकें सामान्यत: कितने समय के अंतराल में होनी अपेक्षित हैं ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम० जी० के० मेनन) : (क) केन्द्रीय विद्यालय संगठ के अधीन एक बोर्ड और तीन समितिय